तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

10 रोजगार मेला में 18 युवकों को स्थल पर ही मिला ...



12 आंगनबाड़ी केंद्र में माताओं को स्तनपान के महत्व ..





# हसुवा स्कूल में शिक्षकों की मनमानी पर फूटा गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

## समय से पहले छुट्टी, दुर्व्यवहार और नियमों की अनदेखी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

कसडोल विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसुवा एक बार फिर विवादों के घेरे में है। विद्यालय के शिक्षकों और प्रभारी प्राचार्य पर मनमानी, समय से पहले छुट्टी करने, पालकों की उपेक्षा तथा शाला प्रबंधन समिति की कार्यप्रणाली में अनियमितता के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन सबका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है, जबकि शिक्षा विभाग शिकायतों के बावजूद मूकदर्शक बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में नवनियुक्त शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू निरीक्षण के लिए विद्यालय पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान बाथरूम में फैली गंदगी देखकर उन्होंने सफाई कराने की बात कही। आरोप है कि इस पर एक शिक्षक ने उनसे बहस की और कथित रूप से दुर्व्यवहार किया। इस घटना से पालकों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।




### समिति गठन को लेकर ग्रामीणों का विरोध

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षकों की मनमानी का आलम यह है कि हाल ही में विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, लेकिन गांव के सरपंच, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। यही नहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि शाला प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी सूची भी नियमों के अनुरूप तैयार नहीं की गई। उनका कहना है कि प्रभारी प्राचार्य ने स्वयं कार्यकारिणी की सूची तैयार कर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू और उपाध्यक्ष मनीराम साहू से हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया। इस मामले को लेकर भी ग्रामीणों ने पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि हसुवा स्कूल में आज तक पालकों की नियमित बैठक आयोजित नहीं की गई।

### कार्रवाई की जायेगी

यह जांच का विषय है, जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आते हैं, उस पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

**-के एस मरावी**
जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार

### कथित अनियमितताओं पर ग्रामीणों का आंदोलन का अल्टीमेटम

उनका कहना है कि अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों और बच्चों की पढ़ाई से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों से दूर रखा जाता है, जो शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।ग्रामीणों के मुताबिक, विगत वर्ष भी विद्यालय में निर्धारित समय से पहले छुट्टी किए जाने का मामला समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। इसके बाद शिक्षा विभाग की जांच टीम विद्यालय पहुंची थी, लेकिन कार्रवाई केवल जांच तक सीमित रह गई और व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। अब पालकों और ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि विद्यालय में व्याप्त कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई और शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी।

## खबर संक्षेप

### 13 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 कोचिया गिरफ्तार



गिधौरी। थाना गिधौरी की पुलिस टीम ने ग्राम नरधा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अलग-अलग 02 मामलों में आरोपी व्यास टंडन 47 साल निवासी ग्राम नरधा थाना गिधौरी और राधेश्याम टंडन 50 वर्ष निवासी ग्राम नरधा थाना गिधौरी से कुल 2600 कीमत मूल्य की 13 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं बिक्री रकम 800 जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत पृथक-पृथक दो प्रकरण पंजीबध्द कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### भांजी से जबरन शादी का दबाव बनाकर चाकू लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बिलाईगढ़।** सलिहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बानीखार में एक युवती से जबरन शादी करने की जिद्दे पर अड़े और उसके परिजनों को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले सिरफिरे युवक को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बानीखार निवासी प्रार्थी शरीफ खान 45 वर्ष ने सलिहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 अगस्त 2026 को ग्राम राजादेवरी निवासी आरोपी आरिफ खान उर्फ राजा 23 वर्ष उसके घर के पास पहुंचा। आरोपी प्रार्थी की भांजी से जबरदस्ती शादी करने की बात कहते हुए हाथ में एक लंबा-चौड़ा चाकू लहराकर गंदी-गंदी गालियां देने ▸▸ शेष पेज 11 पर

## हादसा : पीछे से आए आयल टैंकर ने ट्रेलर को मारी जोरदार टक्कर

# नेशनल हाईवे पर हादसा, ट्रक चालक जिंदा जला, सगा भाई गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेमता के पास बुधवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रहे लोहे से लदे ट्रेलर को पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे आयल टैंकर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई। ट्रक में तेल भरा होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और इसकी चपेट में पीछे चल रहा ट्रेलर भी आ गया।



हादसे में ट्रक चालक केबिन में ही फंस गया और जिंदा जलकर उसकी मौत हो गई। वहीं ट्रक का कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक चालक और घायल कंडक्टर दोनों सगे भाई हैं। दोनों वाहन राजस्थान के बताए जा रहे हैं।

घटना आधी रात की होने के कारण अधिकांश ग्रामीण सो रहे थे। हादसे की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तिल्दा-नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग चारों ओर फैल चुकी थी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की टीम को बुलाया गया, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी।

हादसे के बाद ट्रेलर चालक और उसका कंडक्टर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार चालक और कंडक्टर की तलाश की जा रही है।

# लेनदेन के विवाद पर कैंची से ताबड़तोड़ हमला, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

नगर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। कसडोल थाना क्षेत्र के वार्ड 2 स्थित इंदिरा कॉलोनी कसडोल में पैसों के मामूली लेन-देन को लेकर दो दुकानदारों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बहस के दौरान एक दुकानदार ने दूसरे पर कैंची से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, इंदिरा कॉलोनी निवासी फिरतू यादव और अजय पैकरा उर्फ शनि 34 वर्ष आसपास में ही अपनी-अपनी गुमटी लगाकर दुकान चलाते थे। बुधवार शाम लगभग 5 बजे पैसों के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते बात इतनी ▸▸ शेष पेज 11 पर





### पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा

उक्त घटना के संबंध में जांच अधिकारी संजीव राजपूत ए एस आई पुलिस थाना कसडोल ने बताया कि वारदात की सूचना मिलते ही कसडोल थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिना देर किए घेराबंदी कर आरोपी फिरतू यादव को हिरासत में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है तथा विभाग द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या की घटना से इंदिरा कॉलोनी और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार एम्बुलेंस पलटने से ओडिशा निवासी 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजे कसडोल-कटगी मेन रोड (NH 130 B) पर ग्राम पीसीद स्थित जायसवाल ढाबा के पास एक सड़क हादसा हो गया। रायपुर से मरीजों का इलाज कराकर वापस अपने घर ओड़िशा लौट रही एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और स्थानीय नागरिकों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

- डायल 112 और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाकर बचाई जान

जानकारी के अनुसार एम्बुलेंस क्रमांक CG 04 PP 4032 में मरीज, परिजनों और चालक-हेल्पर सहित कुल 8 लोग सवार थे। ये सभी लोग रायपुर से इलाज करवाकर अपने गृह ग्राम बरगढ़ ओड़िशा वापस जा रहे थे। जैसे ही एम्बुलेंस ग्राम पीसीद के मेन रोड पुल के पास पहुंची, सड़क पर बने एक गड्ढे के कारण वह अचानक उछल गई। रफ्तार तेज होने की वजह से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ▸▸ शेष पेज 11 पर



### घायल व्यक्तियों का विवरण

इस दुर्घटना में कुल 6 लोगों के सिर, पीठ, छाती, पेट, हाथ की कोहनी और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों क्वाता भोई 60 वर्ष पिता- बरसातु भोई निवासी- डुमरी बरगढ़, नारायण हाथी 40 वर्ष पिता- गोपीका हाथी, निवासी- इच्छापुर, गोवर्धन खोड़ीया 80 वर्ष पिता- थीबु खोड़ीया निवासी- बरगढ़, सरोज खड़िया 30 वर्ष, पिता- गिरी खड़िया निवासी- कुसुमडीह बरगढ़, जगन्नाथ भाट 45 वर्ष, पिता- शंकर भाट निवासी- कुसुमडीह बरगढ़, हलधर खोड़ीया 66 वर्ष पिता- कोलकातिया खोड़ीया निवासी- कुसुमडीह बरगढ़ ओड़िसा शामिल हैं।

### डॉक्टरों की देखरेख में इलाज जारी

अस्पताल से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल 6 लोगों में से 2 व्यक्तियों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य 4 लोग फिलहाल खतरे से बाहर हैं। एम्बुलेंस के चालक और हेल्पर सुरक्षित हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा घटना के संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




## 500 से अधिक लोगों का सत्यापन के लिए थाना बुलाया

# तिल्दा-नेवरा में पुलिस की आधी रात बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

रायपुर जिले की तिल्दा-नेवरा पुलिस ने मंगलवार देर रात बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए शहर के कई मोहल्लों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान सोनी हॉस्पिटल के पीछे स्थित कॉलोनी, मकान कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में पुलिस ने दबिश देकर किरायेदारों और बाहरी लोगों का सत्यापन किया।



पुलिस कार्रवाई के दौरान लगभग 500 लोगों को तत्काल थाने बुलाया गया, जिसके चलते देर रात थाने में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली।बताया जा रहा है कि तिल्दा-नेवरा इंडस्ट्रियल एरिया होने के कारण यहां बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों और जिलों से लोग आकर रह रहे हैं। इनमें से कई लोगों ने स्थानीय थाने में अपना सत्यापन या निवास संबंधी जानकारी दर्ज नहीं कराई है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने यह विशेष अभियान चलाया।

पुलिस सभी लोगों के दस्तावेजों और पहचान का सत्यापन कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं किसी का आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है या कोई फरार अथवा संदिग्ध व्यक्ति क्षेत्र में रह तो नहीं रहा।

## खबर संक्षेप



### धौराभाठा अ स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

बिलाईगढ़। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा(अ) संकुल धनसीर में प्रभारी प्रधान पाठक कृष्ण कुमार नेताम द्वारा अपने पिताजी स्व. मदन सिंह नेताम की पुण्यतिथि पर सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं बच्चों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें पुष्प अर्पित किए। प्रभारी प्रधानपाठक कृष्ण कुमार नेताम के पिताजी को याद करते हुए संकुल समन्वयक नारायण सिंह तोमर ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को खीर पूरी, सब्जी दाल-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। न्योता भोज का मुख्य उद्देश्य समुदाय को स्कूल में बच्चों के साथ जोड़ना है कि विद्यालय एक परिवार की तरह होते हैं और इस तरह के आयोजन बच्चों को यह भी सिखाता है। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक नारायण सिंह तोमर, प्राथमिक प्रधान पाठक उत्तम सिंह नेताम एवं शिक्षक हिम्मत राम भारद्वाज, रमेश सिदार उपस्थित रहे।

### 500 करोड़ के एआई मिशन से बदलेगी छत्तीसगढ़ की डिजिटल तस्वीर

बलौदाबाजार। भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन को मंजूरी दिए जाने का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश में सुशासन, कौशल विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया



है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मिशन छत्तीसगढ़ को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। आनंद यादव ने कहा कि पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू होने वाले इस मिशन पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत राज्यभर में 100 अत्याधुनिक एआई डेटा लैब स्थापित की जाएंगी, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पांच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे तथा 300 से अधिक एआई स्टार्टअप्स को आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मिशन का लाभ केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दूरस्थ जिलों, छोटे शहरों और कस्बों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी, जिससे अंतिम व्यक्ति तक तकनीक का लाभ पहुंचे।

### दुकान के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम भंवरपुर में एक दुकान के सामने से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सिंधु सागर चौधरी निवासी पलसापाली ने बताया कि ग्राम भंवरपुर बसना रोड में चौधरी हार्डवेयर दुकान के सामने 04 अगस्त को लगभग 03.30 बजे अपनी मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीजे 1457 हीरो सुपर स्लेण्डर को दुकान के बाहर खड़ी किया था।

### महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम टुहलू कांदाढाप पारा हैंडपंप के पास एक महिला के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कैकेई गोंड़ ने बताया कि बोर से पानी भरने और नहाने का विरोध करते हुए आरोपी कविता दीप पति चक्रधर दीप, सरसो बाई दीप पति देवीराम दीप, हरा बाई गोंड पति विद्याधर गोंड, अर्जुन गोंड पिता चितमन गोंड सभ ने उसके बुधियारिन के साथ मारपीट कर दी।

# रोजगार मेला में 18 युवकों को स्थल पर ही मिला आफॅर लेटर

## सेल्स, तकनीशियन एवं अन्य पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में 184 पदों हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में 107 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया गया जिसमें से 55 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 18 आवेदकों को मेला स्थल पर आफर लेटर प्रदान किया गया। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजगार मेला में नियोजक कुंजीलाल फ्यूल बलौदाबाजार द्वारा सेल्स, मार्केटिंग एवं टेली के रिक्त पदों हेतु 25 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया गया, जिसमें 7 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। जिन्दल स्टील लिमिटेड मदिर हसौद द्वारा मशीनिष्ट के रिक्त पदों हेतु 18 आवेदक साक्षात्कार लिया गया जिसमें 12 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। दुर्गेश सिक्योरिटी सर्विसेस रायपुर द्वारा सेक्योरिटी गार्ड के रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 30 आवेदक उपस्थित हुए इसमें से 20 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 12 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इंडिया हेल्प पाइंट रायपुर द्वारा मार्केटिंग के पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 18 आवेदक उपस्थित हुए उसमें से 12 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 4 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया।



### रोजगार मेले में जायका ऑटो मोबाइल द्वारा 6 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन

जायका आटो मोबाईल रायपुर द्वारा सेल्स, तकनीशियन, सर्विस एडवाजर एवं कस्टमर केयर के रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 16 उपस्थित हुए इसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 02 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया है। समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक एवं अंतिम चयनित आवेदकों को एक सप्ताह के अंदर अपने अपने संस्था में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि चयन संबंधित अंतिम कार्यवाही पूर्ण किया जा सकें।

## वाहन चालकों को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ, मवेशियों को लगाए जा रहे रेडियम बेल्ट

# दुर्घटनाग्रस्त संभावित स्थलों पर यातायात पुलिस का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और ब्लैक स्पॉट पर हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के नेतृत्व में बुधवार को सकरी बायपास सहित दुर्घटना संभावित स्थलों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया।

अभियान के दौरान छत्तीसगढ़ ड्राइवर संघ के सहयोग से भारी वाहन, बस एवं छोटे वाहनों के चालकों को रोककर ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। चालकों को शराब या अन्य नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ओवरटेकिंग से बचने तथा सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने की हिदायत दी गई।

यातायात पुलिस ने सड़क किनारे घूमने वाले मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट भी लगाए, ताकि रात के समय वाहन चालकों को पशु आसानी से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। इसके अलावा लवन, कसडोल, सिमगा और भाटापारा क्षेत्र के दुर्घटना संभावित स्थलों पर रेडियम टिकली, रिफ्लेक्टर, स्टॉपर तथा संकेतक पट्टिकाएं भी लगाई जा रही हैं।

पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आम नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करहीबाजार का वार्षिक अधिवेशन हुआ



भाटापारा/करहीबाजार। चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करही बाजार का वार्षिक अधिवेशन हुआ। इसमें प्रतिवर्ष अनुसार आय-व्यय का विवरण और अन्य विभिन्न समसामयिक समस्याओं का निराकरण किया गया। व्यापारियों की छोटी-मोटी समस्याओं का भी निराकरण किया गया इसके अलावा नए पद का भी निर्वाचन किया गया। पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के समक्ष नए पद का चुनाव सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करही बाजार केनवीन पद अध्यक्ष- श्रीमान रघुवर प्रसाद केसरवानी, उपाध्यक्ष-सुनील पटेल एवं यशवंत देवांगन, सचिव- मोतीराम नागराज देवांगन, कोषाध्यक्ष- बसंत देवांगन एवं सहसचिव- कृष्ण दास मानिकपुरी को नवीन पदभार ग्रहण कराया गया इसके अलावा कुछ नई कार्यकारिणी सदस्य कभी गठन किया गया एवं विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्यों का भी गठन किया गया जिसमें- श्रवण देवांगन, मुकेश केसरवानी, कृष्णा केसरवानी, रमाशंकर पटेल, हीरामन पटेल, सियाराम चक्रधारी, मनोज तिवारी, दीनदयाल देवांगन अनिल देवांगन एवं अन्य सदस्यों का चयन किया गया।

# शिक्षकों और छात्रों ने ली नशामुक्ति की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की स्मृति में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत गुरुवार को हिरमी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वस्थ, मूल्यनिष्ठ एवं नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा विकसित भारत के निर्माण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था हिरमी की बहनों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटभेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोंहड़ा एवं ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया तथा सभी को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान के मेडिकल विंग की ओर से विद्यालयों को अभियान के सफल आयोजन हेतु प्रशस्ति प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जिले में अब तक 653.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

बलौदाबाजार। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 5 अगस्त तक 653.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 914 मिमी, बलौदाबाजार में 781.7 मिमी, लवन में 620.8 मिमी, भाटापारा में 577.9 मिमी, कसडोल 581.7 मिमी, पलारी में 677.5 मिमी, सुहेला 567.1 मिमी, सिमगा में 527.7 मिमी एवं सोनाखान 633.8 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 5882.2 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है ।

# जिला स्तर पर व्याख्याता शिक्षकों की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल खम्हरिया में विज्ञान एवं गणित के व्याख्याताओं शिक्षकों का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी विकासखंडों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के व्याख्याता एवं शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को स्कूली बच्चों के 2 वर्गों जूनियर वर्ग 10-14 वर्ष एवं सीनियर वर्ग 14-17 वर्ष के लिए प्रोजेक्ट चयन अवलोकन डेटा संग्रहण एवं प्रस्तुतीकरण की वैज्ञानिक पद्धतियों से अवगत कराया गया। शुभारंभ दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेश पोपट द्वारा किया गया। अध्यक्षता जिला समन्वयक रामावतार वर्मा एवं मास्टर ट्रेनर स्वप्निल वर्मा के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। प्राचार्य राजेश पोपट ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को नवाचार की ओर प्रेरित करें एवं उनकी वैज्ञानिक दक्षताओं के लिए उचित अवसर प्रदान करें। उन्होंने विज्ञान के विभिन्न आयामों को बच्चों तक सहजता से पहुंचाने पर बल दिया तथा अपने विद्यालय द्वारा विज्ञान के विभिन्न कार्यक्रमों में प्राप्त उपलब्धियों को भी साझा किया। जिला समन्वयक रामावतार वर्मा ने जिले में पूर्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक चयनित बच्चों की विशेषताओं एवं उपलब्धियों की चर्चा की। कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के.एस.मरावी एवं सहायक संचालक आशीष तिवारी के प्रेरणात्मक सहयोग से संभव हो पाया।

### सभी शासकीय व गैर सरकारी संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन जरूरी

बलौदाबाजार। सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं प्राईवेट संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन जरूरी है। इस निर्देश में जहां महिला कार्यरत हो अथवा नहीं हो सभी संस्थाओं में महिलाओं को सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्यस्थल प्रदान करने तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाए जाने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रांतीय) अधिनियम 2013 की धारा 4 अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर भारत सरकार द्वारा सृजित शी -बॉक्स पोर्टल में ऑनबोर्ड किया जाना अनिवार्य है। उल्लंघन करने पर जुर्माना भी लगेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रकरण तथा राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली द्वारा लगातार सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं प्राईवेट संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति के गठन वहां प्राप्त प्रकरण तथा उसका निराकरण, वार्षिक रिपोर्ट तथा कराये जाने एवं शी -बॉक्स पोर्टल में ऑनबोर्ड किये जाने के लिए निर्देश दिये हैं। किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय एवं प्राईवेट संस्थानो अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किये जाने की स्थिति में अधिनियम की धारा 26 अनुसार 50000 रुपये जुर्माना का भी प्रावधान है।

### बंगोली अंचल में धान रोपाई जोरों पर...



बंगोली| अंचल में खरीफ फसल धान की रोपाई जोरों पर है| मध्यम कृषक अपने खेतों में धान रोपाई के कार्य में जुटे हैं। रोपा ठेकादार महादेव कंडरा द्वारा प्रति एकड़ साढ़े सात हजार के लगभग लागत से क्षेत्र में धान रोपाई ठेका कार्य कर रहे हैं|

## पदोन्नति और लंबित समस्याओं के समाधान पर की चर्चा

# डीईओ से मिले समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य भेंट कर शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं एवं मांगों पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने, छूटे हुए शिक्षकों की परीक्षा अनुमति जारी करने तथा जिले की अन्य स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग उठाई।

फेडरेशन ने रसेड़ा संकुल समन्वयक संतोष कुमार सोनवानी पर अधीनस्थ विद्यालयों के उपस्थिति पंजी में शिक्षकों को जबरन अनुपस्थित दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं तीन दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई की मांग भी की।

जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि लंबित परीक्षा अनुमतियां शीघ्र जारी की जाएंगी तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं रसेड़ा संकुल समन्वयक के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा भी दिया।

प्रधान पाठक पदोन्नति के संबंध में संबंधित अधिकारी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के दिशा-निर्देशों के कुछ बिंदुओं पर संशय होने के कारण उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। स्पष्ट निर्देश प्राप्त होने के बाद वरिष्ठता सूची तैयार कर नियमानुसार पदोन्नति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष मुरित श्रीवास, जिला सचिव तुलसीचरण जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रितु मेश्राम, ब्लॉक अध्यक्ष संत कुमार साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष ललिता नामदेव, बोधन सिंह साहू, सहसचिव लखेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी रामनाथ साहू, मनोज पैकरा, तहसील अध्यक्ष बेनीराम साहू, अरुण कुमार वर्मा, रमेश कुमार लहरी, मोहन धीवर, रणजीत कोसले, सरोज घृतलहरे सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिले की 476 पंचायतों में 555 कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकसित भारत– रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी- जी राम जी के अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिले की कुल 519 ग्राम पंचायतों में से 476 ग्राम पंचायतों के लिए 555 विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

योजनांतर्गत जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसरों से जोड़ने पर विशेष बल दिया जा रहा है। स्वीकृत कार्यों में जल सुरक्षा, जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक मूलभूत अधोसंरचना के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

विकासखंडवार बलौदाबाजार की 104 ग्राम पंचायतों में 139 कार्य, भाटापारा की 85 ग्राम पंचायतों में 105 कार्य, कसडोल की 111 ग्राम पंचायतों में 135 कार्य, पलारी की 72 ग्राम पंचायतों में 72 कार्य तथा सिमगा की सभी 104 ग्राम पंचायतों में 104 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। शेष 43 ग्राम पंचायतों में भी कार्य स्वीकृति की प्रक्रिया प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है। जिला प्रशासन का उद्देश्य मांग करने वाले प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को समयबद्ध रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ग्राम पंचायतों को जल-सुरक्षित, आत्मनिर्भर एवं आधारभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है।

# शराब दुकान में ओवररेटिंग का आरोप, कांग्रेस नेताओं के पहुंचते ही कर्मचारी छोड़ गए काउंटर

## ग्राहकों ने प्रति पौवा 10 रुपए अतिरिक्त वसूली की शिकायत, आबकारी विभाग ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

संडी बंगला जिले की शराब दुकानों में ओवररेटिंग के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को संडी स्थित कंपोजिट शराब दुकान में निर्धारित कीमत से अधिक राशि लेकर शराब बेचने की शिकायत पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचीं।कांग्रेस नेताओं के पहुंचते ही शराब दुकान में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि सुपरवाइजर, सेल्समैन सहित अन्य कर्मचारी काउंटर छोड़कर मौके से चले गए। काफी देर तक दुकान कर्मचारियों के बिना खुली रही, जिससे ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ओवररेटिंग पर आबकारी आरक्षक मनराखन नेताम ने कहा विभाग की ओर से कार्यवाही प्रोसेस में है। मौके पर मौजूद ग्राहकों ने आरोप लगाया कि देशी और अंग्रेजी शराब की प्रत्येक पौवा बोतल पर 10 रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जिला आबकारी अधिकारी से फोन पर चर्चा कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही स्थानीय विधायक संदीप साहू को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।सूचना मिलने के बाद देर रात आबकारी विभाग की टीम संडी शराब दुकान पहुंची और कर्मचारियों से पूछताछ कर जांच शुरू की।

### कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही अनियमितताओं के मामले में विभाग ने एक प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक को निलंबित किया था। इसके बावजूद शराब दुकानों में ओवररेटिंग की शिकायतें सामने आने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अन्याय बर्दाश्त नहीं

शिकायत मिलने पर संडी शराब दुकान पहुंचकर ओवररेट ओवररेट बिक्री के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए उपभोक्ताओं के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल बंद करने की मांग की।

-**सुमित्रा घृतलहरे**, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, बलौदाबाजार

## वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहने का किया आह्वान

# तिल्दा में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा





नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र द्वारा गुरुवार को भारत सरकार के 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा राष्ट्रीय महाअभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा थे। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैकरा, नगर पालिका तिल्दा के सीएमओ अमिताभ शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष एवं समाजसेविका नीलम अग्रवाल तथा पार्षद रानी सौरभ जैन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा की संचालिका बीके प्रियंका ने कहा कि आज का युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है, जो समाज और राष्ट्र दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिदिन 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 5,500 बच्चे किसी न किसी प्रकार के नशे की शुरुआत करते हैं, जबकि तंबाकू सेवन से प्रतिदिन करीब 3,700 लोगों की मौत होती है।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैकरा ने कहा कि वे नियमित रूप से नशे की लत से जूझ रहे लोगों की काउंसलिंग करती हैं और उनके अनुभव में आध्यात्मिकता व्यक्ति के भीतर सकारात्मक बदलाव लाने का प्रभावी माध्यम है। वहीं सीएमओ अमिताभ शर्मा ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति इसकी शुरुआत स्वयं से करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।

समाजसेविका नीलम अग्रवाल ने कहा कि किसी भी चीज़ की अति ही नशा बन जाती है और इसकी शुरुआत अक्सर अकेलेपन तथा अवसाद से होती है। ऐसे लोगों को आध्यात्मिक सहयोग और सकारात्मक वातावरण देकर नई दिशा दी जा सकती है। तिल्दा में आध्यात्मिक जागरण के लिए ब्रह्माकुमारीज़ के प्रयासों की सराहना की। पार्षद रानी सौरभ जैन ने इस अभियान से जुड़ने को सौभाग्य बताते हुए इसके शुभारंभ के लिए मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से नशे की लत पर विजय प्राप्त करने वाले नशामुक्त वीरों का सम्मान किया गया। साथ ही उपस्थित सभी नागरिकों ने नशामुक्त भारत के निर्माण की सामूहिक प्रतिज्ञा लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

### ब्रह्माकुमारीज में नशा मुक्ति की ली गई शपथ



**खरोरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त युवा विकसित भारत का संकल्प महाअभियान में ब्रह्माकुमारीज खरोरा सेंटर में नशा नहीं करने की प्रतिज्ञा लिया गई। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि नशा की आदत लोगों में बढ़ती जा रही है, इसका सामाजिक ताने बाने में बुरा असर पड़ रहा है। नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि छोटे छोटे स्कूली बच्चों में नशे की लत चिंता का विषय है । ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी 50-50 व्यक्ति को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलवायें।इस कार्यक्रम में ब्र.कु. सावित्री बहन, सुनीता बहन, सुशीला वर्मा, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मांठ, संजीव देवांगन, विनोद वर्मा, ओम प्रकाश धीवर, रामकुमार देवांगन, सहित बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े भाई बहन उपस्थित रहे।

### हाई स्कूल मांठ में नशा मुक्ति का संकल्प

**खरोरा।** हाई स्कूल मांठ के छात्रों को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरोरा सेंटर से आयीं ब्रह्माकुमारी सावित्री दीदी और ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलायी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नशा मुक्त जीवन शैली अपनाना होगा। संस्था की प्राचार्य सुशीला वर्मा ने कहा कि नशे की लत पड़ कर युवा अपने अमूल्य जीवन बर्बाद कर रहे हैं, जो समाज और देश के लिए बड़ी क्षति है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों- शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# शहीद युगल वर्मा को नगरवासियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद युगल वर्मा के शहादत दिवस पर गुरुवार को पलारी स्थित शहीद प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद के माता पिता एवं परिजनों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भावुक बना दिया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं नगरवासियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को शत-शत नमन किया।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि वीर शहीद युगल वर्मा का जीवन देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग का अनुपम उदाहरण है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, समर्पण और मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और पूरा क्षेत्र उनके शौर्य पर सदैव गर्व करता रहेगा।

कार्यक्रम को विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं योगेश चंद्राकर ने संबोधित करते हुए शहीद युगल वर्मा के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। समाज तभी सशक्त बनेगा जब युवाओं में राष्ट्रसेवा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना निरंतर प्रबल होगी।

श्रद्धांजलि सभा में शहीद के पिता शिव वर्मा, माता यशोदा वर्मा, पत्नी माधवी वर्मा, बहन रानी वर्मा, पुत्र आदि वर्मा, भाई गोविंद वर्मा, चाचा वेदप्रकाश वर्मा एवं चंद्रभूषण वर्मा सहित हितेंद्र ठाकुर, परिवेश तिवारी, पिंटू वर्मा, मनीष चंद्राकर, लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, डोमार वर्मा, शेरखान, साधराम, मनोज वर्मा, ताजेन्द्र कनौजे, ऋषि साहू, बाबा हयात खान, सुमित तिवारी तथा नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में शाला विकास समिति का गठन, कमल नारायण बने अध्यक्ष



**हथबंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहभट्ठा में शाला विकास समिति के गठन हेतु पालक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य बलराम ध्रुव एवं शिक्षक कामदेव सेन ने शाला विकास समिति के दायित्वों, जिम्मेदारियों तथा विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं समग्र विकास में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार पालकों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया से शाला विकास समिति का गठन किया गया। इसमें कमल नारायण बंजारे को अध्यक्ष, मनाराम निषाद को उपाध्यक्ष तथा विद्यालय की प्राचार्य बलराम ध्रुव को सचिव बनाया गया। सदस्य गण दिलीप कुमार वर्मा, शिवकुमार निषाद, रामकुमार पटेल, टिकाराम साहु, जीवन लाल यदु, हरिशचंद्र साहु, हेमलाल साहू, राजकुमार ध्रुव, गोविंद ध्रुव, घनश्याम वर्मा, विरेन्द्र कुमार बघेल, राकेश कुमार साहू एवं प्रेमिन डांडेकर आंगन बाडी कार्यकर्ता का चयन किया गया। साथ ही स्थानीय प्राधिकरण से चयन सरपंच महेन्द्र कुमार वर्मा, उप सरपंच सूर्या टंडन,लखन लाल वर्मा, नारद लाल वर्मा, मदन गोपाल महिलांग, भागवत बंजारे का चयन किया गया। इस गठन के माध्यम से शासन की मंशानुसार विद्यालय प्रबंधन में पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

# एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध, खाद्य विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- नर्मदा दूध संकलन केंद्र को नोटिस जारी
- डेयरी और होटल संचालकों को नियमों के पालन के निर्देश



खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी हालिया प्रतिषेध आदेश के तहत राज्य में फ्रोजन डेजर्ट, प्रोसेस्ड चीज़ और मिक्स्ड फेट स्प्रेड जैसी मानकीकृत श्रेणियों को छोड़कर असली पनीर की नकल करने वाले सभी वनस्पति वसायुक्त गैर-दुग्ध एनालॉग पनीर के विनिर्माण, भंडारण, परिवहन और विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा डेयरी एवं दुग्ध संग्रहण केन्द्रों का सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को भाटापारा के विभिन्न प्रतिष्ठानों में एनालॉग पनीर की उपलब्धता की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान लाल बहादुर शास्त्री बार्ड, पटपर स्थित नर्मदा दूध संकलन केंद्र की भी जांच की गई, जहां परिसर में स्वच्छता संबंधी कमियां पाई गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत प्रतिष्ठान को कड़ी चेतावनी के साथ सुधार नोटिस जारी किया गया है। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और डेयरी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे असली डेयरी पनीर के नाम पर उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार का कृत्रिम या एनालॉग पनीर न परोसें।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार, जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा भाटापारा शहर में एक विशेष आई.ई.सी.गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ, सुरक्षित और मानक स्तर के खाद्य पदार्थों के विक्रय के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान अधिकारियों की टीम ने भाटापारा शहर के विभिन्न मुख्य बाजारों, मिष्ठान भंडारों, डेयरी दुकानों, किराना स्टोर्स और होटल संचालकों से सीधा संपर्क किया। अधिकारियों ने कारोबारकर्ताओं को खाद्य गुरक्षा से संबंधित विशेष रूप से तैयार किए गए सूचनात्मक पंपलेट वितरित किए और उनका बारीकी से अध्ययन कराया।

सभी विक्रेताओं को अपनी कमियों को तुरंत सुधारने की सलाह दी गई है, ऐसा नहीं करने पर भविष्य में वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी।

## खबर संक्षेप

### आरईएस एसडीओ के विरुद्ध जांच के लिए समिति गठित

**बलौदाबाजार।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कसडोल के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी दयानन्द कोसले द्वारा बिना स्थल निरीक्षण किये निर्माण कार्यों का मूल्यांकन एवं सत्यापन किये जाने की जांच हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अभियंता के निर्देशानुसार आरईएसके के कार्यपालन अभियंता द्वारा जांच समिति गठित कर दी गई है। जांच समिति में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग एवं पीएमज़ीएस वाय के कार्यपालन अभियंता शामिल है। जांच दल शिकायतकर्ता के समक्ष शिकायत में उल्लेखित समस्त निर्माण कार्यों के सत्यापन की जांच कर 7 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### इको क्लब ने किया पौधारोपण



**खरोरा।** सरस्वती शिशु उमावि में इको क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खरोरा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, तामेश्वर मरकाम पार्षद, योगेश सिन्हा पटवारी, अश्वनी पाटकर प्राचार्य, कुमारी प्रीति चंद्राकर इको क्लब प्रमुख, सीमा पंसारी इको क्लब सहायिका एवं विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी उपस्थित थी। इको क्लब के सभी छात्रों ने पौधा लगाते हुए वृक्ष की देखभाल व सुरक्षा का वचन लिया। अश्वनी पाटकर द्वारा आग्रह किया गया कि वे अपने घर के आस-पास एवं घर में भी पौधारोपण करें ताकि हमारा पर्यावरण प्रदूषित न हो। अनिल सोन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता लाने का आग्रह किया एवं पर्यावरण को बचाने में सहायता करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि पर्यावरण है तो हम हैं, पर्यावरण नहीं तो हम भी नहीं रहेंगे।

### कोडार बांध से पानी छोड़ने की मांग

**महासमुंद।** खेतों में रोपा बियासी, निंदाई, चलाई कार्य के लिए पानी की समस्या को देखते हुए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कोडार बांध से तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है। इस दौरान परसदा से वीरेंद्र चंद्राकर पूर्व सरपंच, कुणाल चंद्राकर , देवदत्त चंद्राकर एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### मामूली लेन-देन ...

बिगड़ गई कि फिरतू यादव ने अपना आपा खो दिया और दुकान में रखी कैंची से अजय पैकरा शनि पर हमला कर दिया। कैंची के हमले में अजय पैकरा शनि बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल अजय को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन घाव गहरा होने के कारण उसे तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार के लिए रिफर किया गया, परंतु जाते वक्त रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### तेज रफ्तार एम्बुलेंस...

एम्बुलेंस सड़क पर ही पलट गई।सूचना मिलते ही कसडोल थाना की डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आरक्षक आशुतोष बंजारे और चालक केशव प्रसाद साहू ने बिना वक्त गंवाए स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस के भीतर फंसे लहूलुहान घायलों को बाहर निकालना शुरू किया।इसी दौरान ग्राम छांछी के प्राइवेट एम्बुलेंस चालक हर नारायण साहू भी अपनी दो एम्बुलेंस के साथ घटना स्थल पर मौजूद थे। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने सेवा भाव का परिचय दिया और तुरंत सभी 6 घायल व्यक्तियों को अपने वाहनों में बैठाकर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल रवाना किया।

### भांजी से जबरन ...

लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 अगस्त को आरोपी आरिफ खान उर्फ राजा को उसके गांव राजादेवरी से घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर गवाहों के समक्ष घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू जब्त किया गया। मामले में प्रकरण दर्ज कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई और आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आज से बंद रहेगा रेलवे समपार फाटक

भाटापारा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल अंतर्गत भाटापारा एवं हथबंद रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित रेलवे समपार फाटक क्रमांक 385, जिसे सिद्धबाबा गेट के नाम से जाना जाता है, पर मिडिल लाइन में अत्यावश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। इस कार्य के कारण उक्त समपार फाटक पर 7 अगस्त प्रातः 9 बजे से 10 अगस्त सायं 6 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। रायपुर रेल मंडल आमजन एवं वाहन चालकों से अनुरोध करता है कि उक्त अवधि के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

### तीन प्रमुख ट्रेनों को प्रतिदिन चलाने की मांग

भाटापारा। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेश पाण्डेय ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर गरीबरथ दुर्ग लखनऊ, बेतवा दुर्ग कानपुर, बिलासपुर पुणे एक्सप्रेस ट्रेनों को प्रतिदिन चलाये जाने की मांग की है। पाण्डेय ने बताया इन ट्रेनों को प्रतिदिन चलाये जाने से दुर्ग, भिलाई, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर के आम नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। विदित हो कि गरीबरथ एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती है। वहीं बेतवा एक्सप्रेस तीन दिन चलती है। इसका विस्तार करते हुए उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ तक किये जाने की भी मांग की है। वहीं बिलासपुर पुणे एक्सप्रेस जो सीधे पुणे महाराष्ट्र से जोड़ती है, इसके परिचालन से महाराष्ट्र के लिए सीधे कनेक्टिंग ट्रेन मिल जायेगी। वहीं छत्तीसगढ़ जो कि आय की दृष्टि से पूरे भारत में अहम स्थान रखता है, इसलिए इन ट्रेनों का विस्तार किया जाना आवश्यक है।

### शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में पीजीडीसीए की क्लास प्रारंभ




बिलाईगढ़। दूरस्थ ग्रामीण अंचल में स्थित एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में इस वर्ष से प्रारंभ हो रहे नया कोर्स पीजीडीसीए की पढ़ाई आज से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर उमाकांत मिश्र, कोर्स प्रभारी सहायक प्राध्यापक उमाशंकर भारद्वाज, कंप्यूटर शिक्षक नीरज साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. मिश्र ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पीजीडीसीए पाठ्यक्रम कितना महत्वपूर्ण है एवं साइबर ठगी से कैसे सावधान रहना चाहिए। कोर्स प्रभारी भारद्वाज ने कंप्यूटर के महत्व एवं विस्तृत क्षेत्र की जानकारी विद्यार्थियों को दी। नव नियुक्त कंप्यूटर शिक्षक नीरज साहू ने आज के समय में कंप्यूटर की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# किसानों ने खेतों में ड्रोन से किया खरपतवार नाशक का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के किसान अब खेती में तकनीक का इस्तेमाल कर आधुनिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड भाटापारा के ग्राम पाटन, धौरभठा और खोलवा के किसानों ने खेती में तकनीक का नया उदाहरण पेश किया है। यहां करीब 40 हेक्टेयर रकबे में किसानों ने ड्रोन के माध्यम से खरपतवार नाशक का छिड़काव करवाया। पारंपरिक तरीके से इस रकबे में छिड़काव करने में 10 से 15 दिन लग जाते थे। ड्रोन की मदद से पूरा काम कुछ ही घंटों में पूरा हो गया। इससे किसानों के समय, श्रम और लागत तीनों की बचत हुई।ग्राम धौरभठा के किसान आलोक जायसवाल एवं खोलवा के कृषक गुड्डू चांडक ने बताया क्रि पहले 2से 3 एकड़ में छिड़काव करने के लिए 2 मजदूर पूरे दिन लगते थे। ड्रोन से 40 हेक्टेयर का काम एक दिन में हो गया। पानी भी कम लगी और पीठ पर टंकी ढोने की परेशानी नहीं रही। कृषि विभाग और स्थानीय कृषि तकनीक सेवा प्रदाता के सहयोग से ड्रोन को खेतों में उतारा गया। ड्रोन ने निर्धारित ऊंचाई से एक समान रूप से खरपतवार नाशक का छिड़काव किया। इससे दवा की बर्बादी भी कम हुई और फसल पर असर बेहतर रहा।मैनुअल छिड़काव की तुलना में 80 प्रतिशत समय कम लगा। इसके साथ ही मजदूरी और दवा दोनों में बचत एवं एक समान छिड़काव से खरपतवार नियंत्रण बेहतर हुई।

## सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को मिल रही ड्रोन सेवा





### कम लागत में ड्रोन से छिड़काव

जिला प्रशासन द्वारा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को ड्रोन उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें 4 नग ईफको कम्पनी के भी है। कृषि विभाग के अधिकारियो ने बताया क्रि इस व्यवस्था से अब छोटे किसानों को भी कम दर पर ड्रोन सेवा मिल रही है। भाटापारा क्षेत्र में धान और दलहन की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए यह तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रही है। फिलहाल पाटन, धौरभठा और खोलवा के किसान इस प्रयोग से काफी संतुष्ट हैं और आने वाले सीजन में और अधिक रकबे में ड्रोन से छिड़काव करवाने की योजना बना रहे हैं।

## विश्व स्तनपान सप्ताह : आंबा केंद्र में विश्व स्तनपान सप्ताह मना

# आंगनबाड़ी केंद्र में माताओं को स्तनपान के महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर




विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत गिधपुरी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की गर्भवती एवं धात्री माताओं सहित स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने उपस्थित महिलाओं को स्तनपान से संबंधित वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिशु को जन्म के तुरंत बाद, विशेषकर पहले एक घंटे के भीतर, मां का पहला गाढ़ा पीला दूध अवश्य पिलाना चाहिए।

कार्यकर्ता ने महिलाओं को शिशु को सही तरीके से गोद में लेकर स्तनपान कराने की उचित विधि एवं सही मुद्रा की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि सही तरीके से स्तनपान कराने से शिशु को पर्याप्त पोषण मिलता है और मां को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव होता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जन्म से छह माह की आयु तक शिशु को केवल मां का दूध ही देना चाहिए। इस दौरान बच्चे को पानी, शहद, घुट्टी अथवा अन्य किसी प्रकार का आहार देने की आवश्यकता नहीं होती। छह माह के बाद पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने की सलाह भी दी गई।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने स्तनपान कराने वाली माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन करने, पर्याप्त पानी पीने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ शिशु का आधार होती है।

### टोनाटार के आंगनबाड़ी केंद्र में स्तनपान सप्ताह मना



अर्जुनी। ग्राम पंचायत टोनाटार के आंगनबाड़ी केंद्र 3 में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य शांति बाई कुंजाम सरपंच विष्णु कोसले उपसरपंच कुलेश्वर पिंकू वर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टोनाटार सेक्टर पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा ने सतत स्तनपान के लाभ के बारे में बताया की 0 से 06 माह तक के बच्चों को केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। मां का दूध बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है जिससे बच्चे जल्दी बीमार नहीं पड़ते हैं। सतत स्तनपान से न केवल बच्चों को लाभ मिलता है बल्कि इससे माताओ को भी अत्यधिक लाभ होता है। स्तनपान ब्रैंड कैंसर से बचाता है। सीएचओ वीडा साहू ने स्तनपान महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चे के जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान कराना चाहिए तथा कमजोर बच्चों को कंगारू मदद केयर देना चाहिए जिससे बच्चे को वजन बढ़ने लगता है। स्तनपान से बच्चे एवं माता के बीच भावनात्मक जुड़ाव हो जाता है जो की लाभदायक है। स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम के दौरान आरएचओ रिपुसुदन साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शतरूपा ध्रुव, संजू वर्मा, सीमा दिवाकर, सहायिका गीताबाई ध्रुव, मितानिन मोगरा वैष्णव, सुशीला वर्मा सहित टोनाटार सेक्टर की सभी कार्यकर्ता एवं गर्भवती शिशुवती महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में मासिक टेस्ट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में शिक्षा की गुणवता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने एवं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा संचालित मिशन उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 5 अगस्त से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रथम मासिक टेस्ट प्रारम्भ किया गया है। यह परीक्षा कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में एक साथ आयोजित की जा रही है।

जिले के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों एवं प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी द्वारा बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट एवं पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। परीक्षा के पश्चात उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों को उनकी विषयवार उपलब्धियों एवं कमियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे वे समय रहते आवश्यक सुधार कर सकें। जिन विद्यार्थियों को किसी विषय में अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता होगी, उनके लिए विशेष मार्गदर्शन एवं उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से मिशन उत्कर्ष को जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने सभी विद्यालयों को परीक्षा का निष्पक्ष, व्यवस्थित एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मिशन उत्कर्ष के माध्यम से जिला प्रशासन का लक्ष्य केवल बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना भी है।

### मिशन उत्कर्ष से शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

मिशन उत्कर्ष जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, विद्यार्थियों की विषयगत समझ विकसित करने तथा बोर्ड परीक्षाओं की प्रभावी एवं व्यवस्थित तैयारी कराने के उद्देश्य से संचालित एक महत्वाकांक्षी अभियान है। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए मासिक परीक्षाओं की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। प्रथम मासिक टेस्ट इसी श्रृंखला की पहली कड़ी है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की तैयारी का आकलन कर आवश्यक शैक्षणिक सुधार की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# श्री चिन्मय सागर महाराज का जन्म दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में प्रात 7:45 पर महावीर भगवान का जन्म अभिषेक महोत्सव, शांति धारा, आरती संपन्न की गई।

चिन्मय सागर महाराज जंगल वाले बाबा का 65 वा जन्म दिवस है, चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा का मूल सिंहासन जिस पर महाराज बैठते थे और महाराज को खड़े करके उनके मूल चरण बनाए गए थे, 2010 में शिवपुरी के जंगलों में, वह मुख्य चरण भी यहां विराजमान है। उन चरणों का आज चरण अभिषेक जल, दूध ,केसर ,चंदन, हल्दी के माध्यम से संपन्न हुआ। उसके पश्चात रत्न वृष्टि एवं पुष्प वृष्टि संपन्न हुई। सभी लोग लोगों ने मिलकर जंगल वाले बाबा चिन्मय सागर जी महाराज की भक्ति भाव से अष्ट द्रव्य से पूजन की।

श्री चिन्मय सागर विद्या निकेतन बोरतरा में पौधारोपण हुआ, पौधारोपण में स्कूल के समस्त टीचर स्टाफ, बच्चे ,जैन समाज के श्रावक, मोदी परिवार के सभी सदस्य एवं सुमन लता मोदी, अभिषेक मोदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरकारी अस्पताल एवं आडील हॉस्पिटल में मरीजों को बिस्किट एवं फल वितरण किया गया।



रेलवे स्टेशन के सभी यात्रियों को पूरी सब्जी और पुलाव वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश सुमन लता मोदी,आलोक रजनी मोदी, विनोद अंशु मोदी, अरिंजय मोदी, अभिषेक नेहा, राहुल ,नितिन गदिया, संजय जैन साड़ी, संदीप जैन साड़ी, अंकुश जैन, पंकज गदिया, नवीन गदिया, अभिनव, अभिनंदन अक्षत मोदी, संजय शील चंदजी, आर्नव अनायशा सनाया रियान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई संघ गठन से पहले बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ स्कूलों में गतिविधियों को बढ़ावा देने रणनीति तैयार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई संघ के पुनर्गठन और गतिविधियों के विस्तार को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संरक्षक शिवरतन शर्मा, सुनील यदु एवं संकेत अग्रवाल की अगुवाई में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के सभी स्कूलों में स्काउटिंग गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने और इकाई गठन पर विस्तृत परिचयात्मक चर्चा की गई।

बैठक जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, जिला सचिव एवं राज्य मुख्यालय आयुक्त डॉ. जगदीश साहू, विकास खंड सचिव श्रवण सिंगरौल, पूर्व जिला आयुक्त (गाइड) डॉ. वीणा साहू तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर चंद देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना और सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक शाला में स्काउट-गाइड दल के गठन पर जोर दिया गया। संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से कई गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षकों ने संघ की सदस्यता ग्रहण की। नवीन सदस्यों में अश्वनी शर्मा, आशीष जायसवाल, वरिष्ठ शिक्षक केशव राम वर्मा, मनीष गुप्ता, अनुपम सिंह, अरोरा, जीवन वर्मा सूरजपुरा, राजेश पटेल करही बाजार, पीलू राम वर्मा एवं अजय साहू टिकुलिया शामिल हैं।

बैठक के दौरान महिला पदाधिकारी डॉ. वीणा साहू, गीता अग्रवाल, गायत्री आडिल और सुशीला वर्मा ने स्कूलों में प्रशिक्षित स्काउटर एवं गाइडर की संख्या में बढ़ोतरी करने पर बल दिया। उन्होंने स्काउटिंग अभियान को हर स्तर पर सफल बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।




## मुख्य अतिथि पं. रामसुंदर दास ने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर दिया जोर

# सर्व ब्राम्हण समाज की स्मारिका और वार्षिक पत्रिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व ब्राह्मण समाज की स्मारिका एवं वार्षिक पत्रिका विप्र-सुरभि का विमोचन पं. वाल्मीकि शुक्ला स्मृति विप्र वाटिका में हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पं. रामसुंदर दास थे, जबकि अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम कुमार शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रभा शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी, अंबुजा विद्यालय के प्राचार्य संजय पांडे, यू.के. मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा एवं एस.पी. पांडेय शामिल रहे।

श्याम कुमार शुक्ला ने कहा कि विप्र-सुरभि केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि समाज की संस्कृति, परंपरा, उपलब्धियों और भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी दस्तावेज है। मुख्य अतिथि पं. रामसुंदर दास ने ब्राह्मण समाज की ज्ञान परंपरा, संस्कारों एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी सांस्कृतिक एवं वैचारिक विरासत का संरक्षण समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है। उन्होंने विप्र-सुरभि के प्रकाशन को ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि यह दिन समाज के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा।पत्रिका के विधिवत विमोचन के साथ ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित समाजजनों ने संपादक मंडल एवं पदाधिकारियों को बधाई देते हुए इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन समाज के कोषाध्यक्ष विष्णुधर दीवान ने किया, जबकि अंत में समाज के सचिव सुशील तिवारी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों, महिला विंग एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### ये हुए शामिल

समारोह में ऋचा द्विवेदी, सरस्वती तिवारी, वंदना तिवारी, श्रद्धा दुबे, प्रभा तिवारी, मनोरमा वाजपेयी, बबली दुबे, नीतू शुक्ला, सुष्मिता शुक्ला, शशि शुक्ला, पूनम शर्मा, प्रीति शुक्ला, रमाकांत झा, रजनीकांत मिश्र, रमेश मिश्रा, छवि श्याम दुबे, राजा तिवारी, शिव शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, दुर्गेश वाजपेयी, मनोज दुबे, उमाशंकर मिश्रा, पीयूष मिश्रा, संजय तिवारी, नीलम दीक्षित, अभिषेक (मिकी) तिवारी, निशांत शुक्ला, अतिंद्र शुक्ला सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

